तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 12 सितंबर 2025



12 नशामुक्त समाज के लिए लोगों को किया जागरूक



14 मनरेगा के तहत युक्त धारा पोर्टल का हुआ प्रशिक्षण



## खबर संक्षेप



### सीईओ जिला पंचायत ने ली समीक्षा बैठक

**बलौदाबाजार** । जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल ने जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास निर्माण की समीक्षा की। उन्होंने द्वितीय क्रिस्ति जारी 36917 प्रधानमंत्री आवास को अक्टूबर तक शत प्रतिशत पूर्ण करने के साथ ही आर.डब्ल्यू.एस. बनाने हेतु सभी सीईओ जनपद पंचायत एवं अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देशित किया । बैठक में साथ ही स्वकच्छता ही सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने हेतु विस्तृत जानकारी दी गई । प्रत्येक जनपद से एक ग्राम पंचायत को प्लास्टिक मुक्त ग्राम पंचायत बनाने हेतु कार्य योजना तैयार करने के निर्देशित किया गया। जिले के सभी सीईओ जनपद पंचायत को अपने क्षेत्रों में सघन निरीक्षण करते हुए अंतिम पंक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए गए।

### श्रद्धा और तर्पण का सिलसिला जारी

**खरोरा**। हिंदू धर्म में पितृ पक्ष का विशेष महत्व है। यह 15 दिवसीय अवधि इस वर्ष 7 से 21 सितंबर तक मनाई जा रही है। भाद्रपद पूर्णिमा से आश्विन अमावस्या तक चलने वाले इस काल में लोग अपने पितरों की मृत्यु तिथि अनुसार श्राद्ध व तर्पण करते हैं। जिनकी तिथि ज्ञात नहीं होती, वे सर्व पितृ अमावस्या को श्राद्ध कर सकते हैं। गरुड़ पुराण व अग्नि पुराण के अनुसार, श्राद्ध से पितर प्रसन्न होकर वंशजों को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं। इस दौरान पिंडदान, तर्पण व ब्राह्मण भोज का विशेष महत्व होता है। पितृ पक्ष पितरों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने और परिवार की परंपराओं से जुड़ने का अवसर है।

### शिक्षकों का योगदान विषय पर विशेष कार्यक्रम

**खरोरा** । शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, प्रज्योत भवन खरोरा में नए भारत के निर्माण में शिक्षकों का योगदान विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम 14 सितम्बर 2025, रविवार को शाम 4:00 बजे से प्रारंभ होगा। इसमें शिक्षक, ज्ञान, संस्कार और प्रेरणा के स्त्रोत विषय पर विचार-विमर्श होगा। खरोरा यह आयोजन शिक्षकों की भूमिका, उनके ज्ञान और प्रेरणा को नए भारत के निर्माण से जोड़ने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

### बेटे ने पिता से की मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद**। वार्ड नं 10 बसना के एक व्यक्ति के साथ उसके बेटे ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस को प्रार्थी अभिमन्यु बंजारा ने बताया कि 10 सितंबर की शाम करीब 7.05 बजे काम कर वापस अपने घर आया था, तभी उसका बेटा आकाश बंजारा घरेलू बात को लेकर गाली गलौच कर लोहे के पाइप से उसके सिर पर वार कर दिया एवं जान से मारने की धमकी दी।

### ट्रक की टक्कर से प्रतीक्षालय और शौचालय क्षतिग्रस्त

**महासमुंद**। ग्राम भोथलडीह में एनएच 53 स्थित यात्री प्रतीक्षालय और सामुदायिक शौचालय को एक ट्रक ने टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी व ग्राम भोथलडीह के सरपंच समारू ने बताया कि 5 सितंबर की रात्रि 8 बजे ट्रक क्रमांक एचआर 55 एसी 7827 के चालक अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर यात्री प्रतीक्षालय एवं सामुदायिक शौचालय को ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया।

# छात्रों को सोशल मीडिया व डिजिटल ठगी से सतर्क रहने का दिया संदेश

## पुलिस व एसबीआई के तत्वावधान में हुआ साइबर जन जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में साइबर अपराध से जन सुरक्षा हेतु जिले में लगातार जनजागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस व भारतीय स्टेट बैंक की टीम द्वारा एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी क्लास वर्ल्ड स्कूल में साइबर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में तुलसी लेकाम (उप पुलिस अधीक्षक), प्रणाली वैद्य (निरीक्षक, साइबर सेल) एवं एसबीआई शाखा प्रबंधक बलौदाबाजार द्वारा साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताए गए। उन्होंने कहा कि अजनबी कॉल, अनजान लिंक, लालच वाली स्कीम, या बैंक डिटेल साझा करने से बचना चाहिए। ठगी होने पर 1930 पर तुरंत कॉल करने की सलाह दी गई। साथ ही बच्चों को इंस्टाग्राम, फेसबुक, टेलीग्राम पर सतर्कता बरतने, अनधिकृत साइट्स और एप्स से दूरी रखने और पासवर्ड सुरक्षित रखने की समझाइश दी गई। कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, केंद्रीय अध्यक्ष वर्मा कुर्मी समाज खोड़स राम कश्यप, टेसू लाल धुरंधर, नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेन्द्र माहले, समाज प्रमुख राजनारायण केसरवानी, पार्षद हरजीत सिंह सलूजा, संस्था प्रमुख अभिषेक तिवारी और टुकेश्वर वर्मा सहित शिक्षक व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



### साइबर अपराध से बचाव के उपाय

विशेषज्ञों ने बताया कि साइबर ठगी से बचने के लिए किसी भी अजनबी को ओटीपी, बैंक विवरण, पासवर्ड न दें। किसी भी संदिग्ध वेबसाइट या लिंक पर क्लिक न करें। सोशल मीडिया पर निजी जानकारी साझा न करें और ऑनलाइन खरीदारी केवल विश्वसनीय प्लेटफॉर्म से ही करें।

## विरोध : ब्लास्ट में घरों की दीवारें में दरारें, अब मिली राहत

# क्रेशर खदान विवाद पर किया चक्काजाम पुलिस ने भांजी लाठी, अंततः खदान सील

## पुलिस पर लाठीचार्ज का आरोप – प्रशासन ने जांच का आश्वासन दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

ग्राम कोट में आशु स्टोन क्रेशर खदान को लेकर लंबे समय से जारी विवाद बुधवार को चरम पर पहुंच गया। हजारों ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे 130 पर चक्काजाम कर अपनी मांगों को लेकर विरोध जताया। जलस्तर घटने, बंजर होती जमीन और ब्लास्टिंग से घरों में दरारों की शिकायत के बाद एसडीएम और खनिज अधिकारी ने खदान सील करने का आदेश जारी किया। लेकिन इस दौरान पुलिस पर ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं पर लाठीचार्ज करने का आरोप लगना विवाद को और भड़काने वाला साबित हुआ।

ग्रामीणों ने बताया कि बार-बार मांगों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया, जिससे वे आंदोलन पर मजबूर हुए। वहीं पुलिस और प्रशासन ने शांति बनाए रखने और आरोपों की जांच का आश्वासन दिया है। खदान संचालक का कहना है कि वे नियमों का पालन कर रहे हैं और किसानों को पानी उपलब्ध कराते आ रहे हैं।





### प्रशासनिक कदम और खदान संचालक की बात

प्रशासन ने कहा है कि पुलिस ने शांति बनाए रखने के लिए बल तैनात किया था। खनिज अधिकारी ने खदान सील कर दी है और जल्द स्थिति नियंत्रण में आने की संभावना जताई है। खदान संचालक रमेश साहू ने कहा कि खदान पूरी तरह से वैधानिक रूप से संचालित हो रही है तथा किसानों की मदद के लिए पानी की व्यवस्था की जाती रही है।



### आरोप और प्रतिक्रिया

स्थानीय महिलाओं ने पुलिस पर लाठीचार्ज का आरोप लगाते हुए कहा कि जाम खत्म होने के बाद पुलिस ने अंधेरे का फायदा उठाकर उन पर जबरदस्ती की। कई महिलाएं घायल हुई हैं और पुलिस ने उनका उपचार रोकने की कोशिश की। पुलिस ने इन आरोपों को खारिज करते हुए जांच शुरू कर दी है और मामले में एफआईआर दर्ज की गई है।

# निर्माणाधीन नाली ढही, अध्यक्ष ने निष्पक्ष जांच की मांग की



हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत 15वें वित्त आयोग मद से वार्ड क्रमांक 25 में चर्च से लेकर रेल्वे क्रॉसिंग तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था। किंतु निर्माणाधीन अवस्था में ही उक्त नाली की दीवार ढह गई। जनहित एवं पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कलेक्टर, बलौदाबाजार-भाटापारा को पत्र प्रेषित कर आग्रह किया है कि इस कार्य की निष्पक्ष जांच नगर पालिका की तकनीकी टीम एवं अन्य विशेषज्ञ अधिकारियों की उपस्थिति में कराई जाए। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया , सभापति गोविंद पटेल, सतीश तलरेजा दशरथ साहू उपस्थित रहे। यह भी उल्लेखनीय है कि अब तक इस कार्य का कोई भुगतान नगर पालिका द्वारा ठेकेदार को नहीं किया गया है। अतः यह अत्यंत आवश्यक है कि जांच उपरांत कार्य की गुणवत्ता, तकनीकी खामियों एवं उत्तरदायित्व का स्पष्ट आकलन किया जाए, ताकि शेष पेज 13 पर

- वार्ड 25 में 15वें वित्त आयोग से बन रही थी आरसीसी नाली
- जनता के पैसों की बर्बादी रोकने पारदर्शिता पर ज़ोर

# सीएम ने किया अजीम प्रेमजी फाउंडेशन स्कॉलरशिप का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

बेटियों की शिक्षा के लिए राज्य शासन द्वारा लगातार बेहतर प्रयत्न किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अब निम्न आय वर्ग परिवार की बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा स्कॉलरशिप योजना शुरू की गई है जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णु देव ने बुधवार को रायपुर में किया।

कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले की बेटियों से अपील करते हुए कहा है कि पात्र बेटियां इस सुनहरे अवसर का लाभ ज़रूर उठायें। उन्होंने बालिका शिक्षा पर ज़ोर देते हुए कहा कि बेटियां पढ़ती हैं तो पूरा परिवार आगे बढ़ता है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के शासकीय विद्यालयों से 10 वीं और 12 वीं उत्तीर्ण बालिकाओं को योजना के तहत उच्च शिक्षा में लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। आवेदन दो चरणों में स्वीकार किए जाएंगे। पहला चरण 10 सितंबर से 30 सितंबर तक और दूसरा चरण 10 जनवरी से 31 जनवरी तक चलेगा।

- कलेक्टर ने जिले की बेटियों को स्कॉलरशिप क्रा लाभ लेने की अपील

# 170 बल्क लीटर महुआ शराब एवं 800 किलो महुआ लाहन जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

पलारी थाना अंतर्गत ग्राम खैरी में आबकारी एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा शनिवार को खैरी निवासी आरोपी नरेश कुमार घृतलहरे, मनीष घृतलहरे, रुस्तम घृतलहरे, विजय रात्रा एवं हीरालाल रात्रा के कब्जे से 170 बल्क लीटर महुआ शराब जप्त किया गया एवं 800 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया। महुआ शराब का बाजार मूल्य 34,000 रुपये एवं महुआ लाहन का बाजार मूल्य 48,000 रुपये होना पाया।

आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) एवं 59(क) प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। कार्रवाई के दौरान पलारी थाना प्रभारी हेमंत पटेल एवं हमराह थाना स्टाफ, सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश कुमार सिंह, आबकारी उपनिरीक्षक पी.माधव राव, मनराखन नेताम उपस्थित ।

# महिलाओं ने बिजली बिल वृद्धि के खिलाफ निकाली रैली



हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी


बिजली की बढ़ती दरों से परेशान नगर टुण्डरा की महिलाओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए बिजली बिल कम करने, अडानी स्मार्ट मीटर हटाने और 400 यूनिट तक बिजली हाफ योजना को पुनः लागू करने की मांग की। महिलाओं ने नगर कांग्रेस कमेटी के सहयोग से भारी संख्या में रैली निकालकर बिजली बिल वृद्धि के विरोध में आवाज बुलंद की। तहसीलदार युवराज कुर्रे ने महिलाओं का ज्ञापन स्वीकार किया।

महिलाओं का कहना है कि बिजली बिल 100-200 रुपये से बढ़कर हजारों तक पहुंच गया है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के लोग बिल देने में असमर्थ हो रहे हैं। इस मुद्दे को लेकर टुण्डरा, गिधौरी, मोहतरा, नरधा व खपराडीह के ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं सड़कों पर उतरीं और बिजली दरों में तत्काल कमी की मांग की। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक सहित कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने महिलाओं का पूरा समर्थन किया।

महिलाओं की मुख्य मांगें

महिलाओं ने अडानी स्मार्ट मीटर को हटाने, बिजली की दरों में कटौती करने और 400 यूनिट तक बिजली हाफ योजना को पुनः लागू करने का आग्रह किया है, ताकि आम जनता पर आर्थिक बोझ कम हो सके।

- स्मार्ट मीटर हटाने व 400 यूनिट बिजली हाफ योजना पुन: लागू करने की मांग



### समर्थन और आगे की योजना

नगर कांग्रेस कमेटी और स्थानीय नेता महिलाओं के साथ खड़े हैं। आगामी दिनों में महिलाओं द्वारा शराब बंदी लागू करने के विषय पर भी ऐसी ही रैली आयोजित करने की योजना बनाई गई है। यह आंदोलन नगर टुण्डरा के सामाजिक और राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बना हुआ है और बिजली की समस्या पर सरकार से शीघ्र कार्रवाई की उम्मीद जताई जा रही है।

## ड्रोन छिड़काव से पानी और समय की बचत, फसलों में बढ़ा प्रभाव

# ड्रोन दीदियों ने 2200 एकड़ पर किया छिड़काव



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिले में खेती के क्षेत्र में आधुनिक तकनीक अपनाई जा रही है। नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत खरीफ 2025 में जिले के लगभग 2200 एकड़ क्षेत्र में ड्रोन द्वारा तरल कृषि उत्पादों का छिड़काव किया गया है। यह योजना किसानों के लिए लाभकारी साबित हो रही है और जिले के सभी विकासखंडों में इस समय छह ड्रोन संचालित हैं, जिन्हें इफको कंपनी ने उपलब्ध कराया है।

प्रशिक्षित ड्रोन पायलटों द्वारा धान की फसल में नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, कीटनाशक दवाओं समेत अन्य तरल कृषि उत्पादों का छिड़काव किया जा रहा है। ड्रोन के माध्यम से केवल 10 लीटर पानी से 7 से 10 मिनट में एक एकड़ में छिड़काव हो जाता है, जिससे समय के साथ-साथ पानी की बचत भी हो रही है। इससे उत्पादों का असर भी प्रभावी ढंग से होता है, जिससे किसानों की इस तकनीक में रुचि तेजी से बढ़ रही है। उप संचालक कृषि दीपक नायक ने बताया कि नैनो यूरिया और नैनो डीएपी नैनो टेक्नोलॉजी पर आधारित उर्वरक हैं, जो पारंपरिक उर्वरकों की तुलना में अधिक प्रभावशाली और परिवहन में आसान हैं। किसान प्रति एकड़ एक बोरी यूरिया और डीएपी के साथ एक-एक बोतल नैनो यूरिया और नैनो डीएपी का उपयोग कर अच्छा लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### ड्रोन छिड़काव के फायदे

ड्रोन छिड़काव से समय और पानी की बचत होती है। छिड़काव में उत्पादों का असर बेहतर होता है, जिससे फसलों की उत्पादकता बढ़ती है।

### नैनो उर्वरकों का महत्व

नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी पारंपरिक उर्वरकों की तुलना में अधिक प्रभावी हैं। ये मृदा स्वास्थ्य के लिए भी बेहतर हैं और रासायनिक उर्वरकों पर सरकार द्वारा दिया जाने वाला अनुदान किसानों के लिए राहत है।

# अब एक साथ 3 दुकानों में हो सकेगी विदेशी शराब की सप्लाई, नियम तोड़ा तो 5 लाख तक का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार के आबकारी विभाग ने विदेशी शराब के परिवहन का तरीका बदला है। अब ब्रेवरेज कार्पोरेशन के गोदाम से निकले एक ट्रक (वाहन) से विदेशी मदिरा दुकान या तीन कंपोजिट शॉप को शराब सप्लाई की जा सकेगी। अब से पहले तक नियम था कि एक वाहन से एक ही दुकान में सप्लाई हो सकती थी। खास बात ये है कि सरकार ने ये भी साफ किया है कि इस नियम को तोड़ने वाले परिवहनकर्ता पर 50 हजार से लेकर पांच लाख रुपयों तक का जुर्माना किया जा सकेगा।

### ये है मामला

राज्य सरकार ने विदेशी शराब की परिवहन व्यवस्था में बदलाव के लिए छत्तीसगढ़ विदेशी मदिरा अधिनियम 1996 में संशोधन किया है। अब यदि एक से अधिक विदेशी मदिरा दुकान या कंपोजिट शॉप एक ही मार्ग (रूट) पर है तो एक से अधिक या तीन दुकानों के लिए मदिरा का परिवहन एक साथ किया जा सकेगा। इसके लिए हर दुकान के लिए अलग-अलग परिवहन परमिट जारी जाएंगे। जिसमें हर दुकान के लिए परिवहन के लिए तय समयावधि भी अंकित की जाएगी।

- आबकारी विभाग ने बदला 29 साल पुराना नियम
- अब तक एक वाहन से एक दुकान में होती थी सप्लाई



फाइल फोटो

### इस तरह होगी सप्लाई

नियम में कहा गया है कि एक से अधिक मदिरा दुकानों में सप्लाई की स्थिति में पहली दुकान के लिए तय समय सीमा में परिवहनकर्ता द्वारा मदिरा की सप्लाई करनी अनिवार्य होगी। पहली दुकान में शराब अनलोड होने के बाद आबकारी विभाग के कर्मी दूसरी दुकान के लिए वाहन को रवाना करेंगे। परमिट में वाहन की रवानगी की तारीख और समय का उल्लेख होगा। परमिट पर हस्ताक्षर और सील भी होगी। इसके बाद यही तरीका दूसरी और और तीसरी दुकान के लिए अपनाया जाएगा।

### लगेगा शुल्क भी

नियम के मुताबित एक से अधिक दुकानों के लिए परिवहन करने पर पहली के अलावा दूसरी तीसरी दुकानों के लिए प्रति दुकान 500 रुपए शुल्क आनलाइन माध्यम से लिया जाएगा। यह शुल्क वापस नहीं होगा। मदिरा का परिवहन न किए जाने पर भी यह राशि किसी अन्य मद में समायोजित नहीं की जाएगी।

### नियम तोड़ा तो 5 लाख तक जुर्माना

एक वाहन से एक से अधिक दुकानों में शराब परिवहन के नियम को तोड़ने पर परिवहनकर्ता पर न्यूनतम 50 हजार से लेकर 5 लाख रुपयों का जुर्माना लगेगा। यही नहीं एक बार नियम तोड़ने और बार-बार यही उल्लंघन करने पर एक हजार से 10 हजार रुपए प्रतिदिन अतिरिक्त शास्ति भी अधिरोपित किए जाने का प्रावधान किया गया है।

## खबर संक्षेप



### आबकारी सचिव ने की जिला विभाग की समीक्षा

**रायपुर।** आबकारी की सचिव एवं सह आबकारी आयुक्त एवं प्रबंध संचालक आर. शंगीता की अध्यक्षता में बुधवार को रेडक्रास भवन कलेक्टोरेट में जिला आबकारी अधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने जिले की शराब दुकानों की बिक्री की समीक्षा करते हुए ओवररेटिंग, मिलावटी तथा अवैध शराब की बिक्री पर सख्त कार्रवाई तथा राजस्व वृद्धि के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि दुकानों का संचालन शासन एवं छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के नियमों एवं निर्देशों के अनुरूप किया जाए।

### बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की हुई बैठक

**रायपुर।** कलेक्टर गौरव कुमार सिंह के अध्यक्षता में बुधवार को जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक हुई। इस बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी शैल ठाकुर ने बाल विवाह मुक्त रायपुर, किशोर न्याय, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण, देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले बालकों को चिन्हांकन एवं पुनर्वास करने तथा विद्यालयों के शाला त्यागी बालकों का चिन्हांकन करने की कार्यवाही से अवगत कराया। बैठक में कलेक्टर ने जिले में संचालित समस्त बाल देखरेख संस्थाओं को एक ही परिसर में संचालित करने के निर्देश दिए।

### पोस्टर व क्विज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने लिया भाग



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय अटारी में बुधवार को पोस्टर व क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रमों का उददेश्य छात्र-छात्राओं को छत्तीसगढ़ में 25 वर्षों में हुए विकास और उपलब्धियों से अवगत कराना था। क्वीज प्रतियोगिता का विषय छग के पच्चीस स्वर्णीम वर्ष तथा पोस्टर प्रतियोगिता का विषय मेरे सपनों का छत्तीसगढ़ था। इस कार्यक्रम में डॉ. जयेश करंजगावंकर एवं शांति कुमारी राजवाड़े के अलावा रासेयो स्वंयसेवक अंर्तयामी, वंश वर्मा व शिवम पांडे का विशेष योगदान रहा।

### मराठी निबंध लेखन स्पर्धा 5 अक्टूबर को

**रायपुर।** बृहन्महाराष्ट्र मंडल नईदिल्ली और राज्य मराठी विकास संख्या मुंबई की ओर से मराठी निबंध लेखन स्पर्धा का आयोजन महाराष्ट्र मंडल रायपुर में 2 अक्टूबर को किया जा रहा है। निबंध लेखन स्पर्धा तीन वर्गों में आयोजित की गई। निबंध लेखन का माध्यम मराठी होगी। वहीं स्पर्धा 5 अक्टूबर को दोपहर 12 से 2 बजे तक आयोजित की जाएगी। महाराष्ट्र मंडल के साहित्य समिति की प्रभारी कुमुड लाड ने बताया कि निबंध लेखन तीन वर्गों में आयोजित किया गया है। तीनों वर्गों की अपनी अलग-अलग शब्द सीमा और विषय तय किया गया है। इच्छुक प्रतिभागी को नियत विषय पर तय समय में मराठी भाषा में निबंध लिखना होगा।

### कई ग्रामों में सहकारी समितियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

# ग्रामीण क्षेत्रों में नल-जल कर की पाई-पाई का होगा हिसाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत घर-घर लगाए गए नल-जल कनेक्शन से मिलने वाले पानी के एवज में घर मालिक से ली जा रही जल कर राशि का अब पाई-पाई का हिसाब होगा। अभी तक जिन ग्रामों में यह योजना पूर्ण रूप से शुरू हो चुकी है, उन ग्रामों में रहने वाले प्रत्येक घर मालिक से प्रतिमाह 80 रुपए की दर से जल कर लिया जा रहा है।

यह कर अभी तक ग्राम पंचायतों द्वारा वसूला जाता रहा है, लेकिन प्रशासन के निर्देश पर अब इसमें बदलाव किया जा रहा है और जल कर लेने के लिए धीरे-धीरे सहकारी समितियों को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है, ताकि इससे प्राप्त राशि की पाई-पाई का हिसाब रखा जा सके।

### सालाना एकमुश्त में भी जमा की जा सकती है

विभागीय सूत्रों के अनुसार जल जीवन मिशन योजना के तहत जिन घरों में नल कनेक्शन लग चुके हैं तथा पानी की आपूर्ति शुरू हो चुकी है, ऐसे घरों के मालिक चाहें, तो प्रति माह 80 रुपए की दर से जलकर का भुगतान कर सकते हैं, चाहें तो अपनी सुविधा के अनुसार साल के आखिरी महीने तक एकमुश्त या किस्तों में भी जल कर का भुगतान कर सकते हैं।





### सहकारी समितियों को सौंपी जा रही जिम्मेदारी

*जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत ग्रामों में घर-घर नल कनेक्शन के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जा रही है। इसके तहत जल कर भी लिया जा रहा है। 80 प्रतिशत ग्रामों में ग्राम पंचायतें ही जलकर ले रही हैं। इस राशि का सही इस्तेमाल किया जा सके, इसलिए धीरे-धीरे सहकारी समितियों को यह जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। 20 प्रतिशत ग्रामों में सहकारी सोसाइटी जल कर ले रही है।*

**- कुमार बिश्वरंजन**
सीईओ,
जिला पंचायत रायपुर

### 20 प्रतिशत ग्रामों में सहकारी समितियों में जल कर भुगतान कर रहे ग्रामीण

सूत्रों के अनुसार प्रशासन के निर्देश पर जिन ग्रामों में पूर्ण रूप से जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी की आपूर्ति की जा रही है और कार्य पूर्ण का प्रमाण पत्र सौंपा जा चुका है, उन ग्रामों में जलकर वसूली की जिम्मेदारी वहां संचालित सहकारी समितियों को सौंपी गई है। इन समितियों के कर्मचारी घर-घर जाकर या फिर ग्रामीण स्वयं समितियों में जाकर जल कर का भुगतान कर रहे हैं। विभागीय अधिकारी के अनुसार जिले में करीब 20 प्रतिशत ग्रामों में सहकारी समितियां ही जल कर वसूल रही हैं, वहीं 80 प्रतिशत ग्रामों में पंचायतों द्वारा जल कर वसूला जा रहा है।

### जल कर राशि से होंगे मेंटनेंस के कार्य

ग्रामों में जलकर की प्राप्त राशि से ही जल जीवन मिशन योजना के तहत किए गए कार्यों का मेंटनेंस किया जाएगा। यानी योजना के तहत पानी टंकी के क्षतिग्रस्त होने, बोरवेल सूखने पर नया बोर करने, पाइप लाइन लीकेज को ठीक करने जैसे अन्य कई तरह के कार्यों पर यह राशि खर्च होगी। एक प्रकार से जल कर इसलिए लिया जा रहा है कि भविष्य में किसी भी गांव में पानी की आपूर्ति प्रभावित न हो और हर सीजन में उन्हें पर्याप्त मात्रा में पानी मिल सके।

# गृह विभाग ने जारी किए 58 डीएसपी के ट्रांसफसर आदेश

### रमाकांत साहू सिविल लाइंस सीएसपी बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कुछ माह पूर्व टीआई से डीएसपी के पद पर पदोन्नति पाने वाले पुलिस अफसरों को प्रशिक्षण के बाद नए सिरे से थानों की जिम्मेदारी दी गई है। इस संबंध में गृह विभाग ने बुधवार को ट्रांसफर आदेश जारी किया है। जिन पुलिस अफसरों का स्थानांतरण किया गया है, उनमें सात सहायक सेनानी, तीन फिंगर प्रिंट, एक-एक रक्षित, विशेष शाखा, एम शामिल है।

गृह विभाग द्वारा जारी आदेश में रमाकांत साहू जो पूर्व में एसीबी, ईओडब्लू तथा एटीएस में तैनात रहे हैं, उन्हें सिविल लाइंस सब डिवीजन में सीएसपी की जिम्मेदारी दी गई है। दुर्ग में पदस्त नवी मोनिका शर्मा का स्थानांतरण राजनांदगांव किया गया है। इसी तरह से ज्यादातर जिलों के डीएसपी का स्थानांतरण किया गया है।




### स्थानांतरित किए गए डीएसपी की सूची

सुरेश कुमार भगत पीटीएस मैनपाट से सरगुजा, ओम प्रकाश कुजूर बिलासपुर से गरियाबंद, तुल सिंह पट्टावी बालोद से सरगुजा, नोहर लाल मंडावी सारंगढ़ भिलाईगढ़ से मोहला मानपुर चौकी अंबागढ़, यशकरन द्वीप दुर्ग से धमतरी, शशि कला मरकाम बस्तर से बेमेतरा, सुशील मलिक गरियाबंद से क्राइम गरियाबंद, कमलेश कुमार भगत बलरामपुर से क्राइम बलरामपुर, बृजेश कुमार तिवारी शक्ति से पुलिस मुख्यालय, रमाकांत साहू एटीएस से सिविल लाइन रायपुर, चंद्रशेखर ध्रुव एसीबी से आईजी कार्यालय सरगुजा, एंब्रोस कुजूर दुर्ग से राजनंदगांव, इंद्रभूषण सिंह महासमुंद से पुलिस अकादमी चंद्रखुरी, विपिन रंगारी दुर्ग से धमतरी, चुन्नू तिग्गा रायपुर से महासमुंद, हरविंदर सिंह मुंगेली से मुंगेली, रीना नीलम कुजूर बलौदा बाजार भाटापारा से सूरजपुर, क्रिसेंसिया तिर्की बलौदा बाजार से पुलिस अकादमी चंद्रखुरी, लता चौरे रायपुर से पीटीएस माना, प्रमोद कुमार किसपोट्टा सूरजपुर से बलरामपुर, गोपाल सिंह धुर्वे बलौदा बाजार से पीएचक्यू, गंगा धुर्वे पीटीएस मना से डीएसपी पीटीएस माना, सत्यापा ताराम शक्ति से जांजगीर चांपा, मीना चौधरी माना से राजनंदगांव, स्वाती मिश्रा छत्तीसगढ़ लोक अयोग रायपुर से डायल 112 रायपुर, कुमारी चंद्राकर सरगुजा से आईजी कार्यालय रायपुर, मंजू लता राठौर रायपुर से गरियाबंद, श्रुती चक्रवर्ती रायपुर से बालोद, संतोषी ग्रेस बेमेतरा से सारंगढ़ बिलाईगढ़, आशा तिर्की जशपुर से जशपुर, वैजयंती माला तिग्गा पीएचक्यू से आईजी कार्यालय दुर्ग, किरण गुप्ता कोरबा से पीएचक्यू रायपुर, रोशनी वासनिक पुलिस मुख्यालय रायपुर से पुलिस मुख्यालय एसआईएस रायपुर, उषा सिधिया कोरबा से बलौदा बाजार, विवेक शर्मा शक्ति से आईजी कार्यालय बिलासपुर, नरेश कुमार पटेल जांजगीर-चांपा से से रायपुर, नवी मोनिका शर्मा दुर्ग से राजनंदगांव, माया शर्मा डायल 112 से बालोद, ममता अली शर्मा दुर्ग से खैरागढ़ छुईखदान गंडई, सत्यबाला रामटेके जांजगीर चांपा से जीपीएम, योगिता बाली बलौदा बाजार से जांजगीर-चांपा, प्रमिला मांडवी पुलिस मुख्यालय से कबीरधाम, कविता धुर्वे बस्तर से कांकेर, भारती मरकाम बिलासपुर से दुर्ग, लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल बालोद से पुलिस मुख्यालय किया गया है।

# जीएसटी सुधारों पर भाजपा का राष्ट्रव्यापी जनजागरण अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार




भारतीय जनता पार्टी ने केंद्र सरकार के जीएसटी सुधारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत की है। इसी क्रम में बलौदा बाजार स्थित भाजपा कार्यालय में खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष एवं भाजपा नेता संजय श्रीवास्तव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर जीएसटी सुधारों की जानकारी दी। श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में निरंतर अग्रसर है। आयकर में ऐतिहासिक छूट के बाद अब जीएसटी स्लैब के सरलीकरण और दरों में कमी से आमजन और व्यापार जगत को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने बताया कि नवरात्रि से लागू होने वाले नए प्रावधान न केवल बचत बढ़ाएंगे बल्कि कारोबार को सुगम बनाएंगे। उन्होंने कहा कि "एक राष्ट्र-एक टैक्स" की अवधारणा ने पहले ही कर प्रणाली को सरल बनाया है। 2017 से पहले 17 प्रकार के टैक्स और 13 प्रकार के सेस लागू थे, जिन्हें खत्म कर जीएसटी लागू किया गया। अब इसके और सरल होने से देश की अर्थव्यवस्था और मजबूत होगी। भाजपा नेता ने इसे आजादी के बाद का सबसे बड़ा आर्थिक सुधार बताते हुए कहा कि यह कदम जनता के लिए "राम राज्य" लाने में सहायक होगा।

### हेलमेट जागरूकता बाइक रैली में उमड़ा उत्साह

**रायपुर।** कैट की युवा इकाई और रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन द्वारा शहर में सड़क सुरक्षा हेलमेट जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एसएसपी लाल उमेद सिंह, एएसपी डॉ. प्रशांत शुक्ला, डीएसपी ट्रैफिक गुरजीत सिंग, सतीश ठाकुर, राडा अध्यक्ष रविन्द्र भसीन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली शंकर नगर, पंडरी, फाफाडीह, स्टेशन रोड, एमजी रोड, शारदा चौक से जयस्तंभ चौक होते हुए कैट प्रदेश कार्यालय में संपन्न हुई। इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ. लाल उमेद सिंह ने कहा, हेलमेट सचमुच जीवनरक्षक है। सड़क दुर्घटनाओं में सिर की चोटें ही मौत का सबसे बड़ा कारण हैं। हर नागरिक हेलमेट पहनने का संकल्प ले, तो हजारों जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। प्रशांत शुक्ला, एएसपी यातायात ने कहा, हेलमेट पहनना केवल नियम पालन नहीं, बल्कि अपने परिवार और प्रियजनों के प्रति जिम्मेदारी भी है।

# रजत महोत्सव पर महाविद्यालय में पूर्व छात्रों का हुआ सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी




शासकीय बृजलाल वर्मा महाविद्यालय पलारी में छत्तीसगढ़ राज्य रजत महोत्सव के अवसर पर महाविद्यालय प्रांगण में पूर्व छात्रों का सम्मेलन आयोजित किया। सर्वप्रथम प्राचार्य ए के उपाध्याय व पूर्व छात्रों ने छत्तीसगढ़ महतारी के मूर्ति में पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तत्पश्चात महाविद्यालय के पूर्व छात्रों ने अपना अपना अनुभव साझा किया।

पूर्व छात्र नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा ने यह सम्मेलन केवल आयोजन नहीं बल्कि एक भावनात्मक मिलन है।शैक्षणिक यात्रा में हमारे अनेक विद्यार्थी आज समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे है।आप सभी के अनुभव और उपलब्धियां आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है। पूर्व छात्र जितेंद्र साहू ने कहा कि इस तरह का आयोजन से नए छात्रों को प्रोत्साहन मिलता है ।

उक्त अवसर पर सहायक प्राध्यापक आत्माराम वर्मा, लक्ष्मीनारायण जलहरे, कोमल देवांगन, बीरेंद्र खरे, ईसज्ञा मेश्राम, सोनम यादव, लकेश्वरी साहू, दीप्ति वर्मा, एकलव्य सिदार, इन्द्रदत्त डहरिया, राहुल कन्नौजिया, पुनीत रजक, केजराम यादव, दूजराम पटेल, डेविड डहरिया, ईशा पाठक, किशन साहू, गैंद राम धीवर, योगेश कन्नौजे, शैलेन्द्र साहू, नवीन, मनीष, अमन,विजय, अन्नपूर्णा, रेखा,ज्योति, लक्ष्मी, त्रिपाणी,सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### हथबंद में रासेयो ने निकाली रजत जयंती रैली

# नशामुक्त समाज के लिए लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ हथबंद

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ पर राज्यभर में रजत जयंती समारोहों का आयोजन हो रहा है। इसी कड़ी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथबंद में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के कार्यक्रम अधिकारी योगेश कुमार त्रिवेदी के मार्गदर्शन में दल नायक जितेंद्र यादव एवं दल नायिका मीनाक्षी कोसले के नेतृत्व में जोरदार रैली निकाली गई। आयुष ग्राम पंचायत हथबंद के बाजार चौक, तिगड्डा चौक, भारत माता चौक, दुर्गा चौक होते हुए रैली में साक्षर भारत बनाना है और स्वदेशी अपनाएंगे, देश को बचाएंगे जैसे जोशीले नारे लगाए गए।

रैली के दौरान विभिन्न स्थानों पर सभा आयोजित कर ग्रामीणों को शिक्षित करने के साथ-साथ स्वदेशी उत्पादों के उपयोग और नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया गया। संस्था के प्राचार्य सी के नायक ने सभी पालकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें ताकि कोई भी बच्चा अशिक्षित न रहे। कार्यक्रम अधिकारी योगेश कुमार त्रिवेदी ने अमेरिका द्वारा लगाए जा रहे टैरिफ के विरोध में सभी ग्रामवासियों से स्वदेशी सामग्री का उपयोग करने की अपील की, जिससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो।

दल नायिका मीनाक्षी कोसले ने नशे के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए गुटका, बीड़ी और शराब जैसे मादक पदार्थों से दूर रहने का संदेश दिया। रैली में आयुष ग्राम पंचायत के डॉ. नम्रता सिंघानिया, सहायक चिकित्सक प्राची चंद्रा, घनश्याम गायकवाड़, गोविंद पैकरा, रैली प्रभारी आमीन बंजारे, माई भारत संयोजक खुशबू पाल, स्वच्छता संयोजक वेदांश निषाद, एनएसएस के पदाधिकारी, इको क्लब के सदस्य लक्ष्मी साहू, सेजल मनहरे, आइसा खान सहित समस्त विद्यार्थी एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। रैली का उद्देश्य ग्रामवासियों को शिक्षा, स्वदेशी सामग्री के उपयोग और नशा मुक्त समाज की ओर प्रेरित करना था। रैली में "साक्षर भारत बनाना है" और "स्वदेशी अपनाएंगे, देश को बचाएंगे" जैसे नारे लगाए गए। कार्यक्रम अधिकारी योगेश कुमार त्रिवेदी, दल नायिका मीनाक्षी कोसले, प्राचार्य सी के नायक, डॉ. नम्रता सिंघानिया, प्राची चंद्रा समेत कई शिक्षक, विद्यार्थी और ग्रामवासी इस जागरूकता अभियान में शामिल हुए।




# नवा रायपुर जाने वाले नए कर्मियों को नहीं मिलेगी मुफ्त बस की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार में नवीन नियुक्ति वाले कर्मियों को 1 अक्टूबर से मुफ्त बस पास की सुविधा नहीं मिलेगी। सरकार का कहना है कि यह सुविधा इसलिए बंद की जा रही है, क्योंकि अब रायपुर से नवा रायपुर जाने के लिए सार्वजनिक बसें, रेल गाड़ी का संचालन हो रहा है और आवागमन की सुविधा भी सुलभ होने के साथ वहां पूरी तरह विकसित आवासीय व्यवस्था भी है।

### वित्त विभाग ने जारी किया आदेश

नवा रायपुर जाने वाले कर्मियों को मुफ्त बस की सेवा में कटौती का यह आदेश वित्त विभाग ने जारी किया है। आदेश में कहा गया है राज्य शासन ने रायपुर शहर से नवा रायपुर में मंत्रालय तथा विभागाध्यक्ष कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निःशुल्क बस पास की सुविधा उपलब्ध कराई है। नवा रायपुर में रहने वाले कर्मियों को निःशुल्क बस सुविधा या वाहन भत्ता दोनों में से किसी एक का चयन करने की पात्रता थी। नवा रायपुर में आवंटित शासकीय आवास या किराए के मकान में रहने वाले कर्मियों को रायपुर शहर आने-जाने के लिए निःशुल्क बस या वाहन भत्ता में से एक के चयन की पात्रता थी।

**12 साल से चल रही थी मुफ्त बस पास की सुविधा :** नवा रायपुर में मंत्रालय, विभागाध्यक्ष कार्यालयों का संचालन 12 साल से हो रहा है। वर्तमान में रायपुर से नवा रायपुर के लिए सार्वजनिक बसों, रेलगाड़ी का संचालन होने के कारण आवागमन की सुविधा सुलभ होने के साथ-साथ नवा रायपुर में पूर्णतः विकसित आवासीय व्यवस्था भी है। इस स्थिति को देखते हुए राज्य शासन ने निर्णय लिया है कि नवीन नियुक्तियों के प्रकरण में मुफ्त बस पास की सुविधा की पात्रता 1 अक्टूबर से नवीन नियुक्त शासकीय सेवकों को नहीं होगी।

# एनएचएम कर्मियों की हड़ताल को कांग्रेस का समर्थन, भाजपा ने साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ मोदी की गारंटी' निभाए भाजपा सरकार: त्रिवेदी

नियमितीकरण, वेतन वृद्धि और अन्य 10 सूत्रीय मांगेकर एनएचएम कर्मियों की हड़ताल 25वें दिन भी जारी रही। इस बीच राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। कांग्रेस नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी ने हड़ताली कर्मियों के समर्थन में मोर्चा संभालते हुए केंद्र की भाजपा सरकार को कठघरे में खड़ा किया, जबकि भाजपा ने पलटवार करते हुए कांग्रेस पर 'दोगली राजनीति' का आरोप लगाया। दशहरा मैदान में हड़ताली कर्मियों के बीच पहुंचे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता त्रिवेदी ने कहा, "मोदी सरकार ने '100 दिन में नियमितीकरण' की गारंटी दी थी, लेकिन 600 दिन बीतने के बावजूद कुछ नहीं हुआ। ये वही कर्मचारी हैं जिन्होंने कोरोना के दौरान अपनी जान जोखिम में डालकर सेवा दी थी।" उन्होंने माना कि कांग्रेस सरकार के समय भी यह मांग अधूरी रही, लेकिन भाजपा से सवाल किया कि जब प्रधानमंत्री ने गारंटी दी थी, तो उसे पूरा क्यों नहीं किया गया? इस पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद शर्मा ने कांग्रेस के समर्थन को 'पाखंड' करार देते हुए कहा, "कांग्रेस के शासन में भी एनएचएम कर्मियों की मांगें पूरी नहीं की गई थीं। आज जब वे विपक्ष में हैं, तो सहानुभूति जताकर राजनीतिक रोटी सेंकना चाहते हैं। भाजपा सरकार ने मांगों पर विचार के लिए समिति बनाई है और पांच प्रमुख मांगों पर जल्द निर्णय लिया जाएगा।"

## सिर्फ लिखित आदेश पर खत्म होगी हड़ताल: एनएचएम कर्मी





### एनएचएम कर्मियों की प्रतिक्रिया

हड़ताली एनएचएम कर्मियों ने कहा कि वे किसी भी राजनीतिक दल से समर्थन की अपेक्षा नहीं रखते, बल्कि सिर्फ अपनी मांगों का समाधान चाहते हैं। कर्मियों के प्रतिनिधि ने कहा, "हमने महामारी के दौरान 24 घंटे ड्यूटी दी। अब हमारी मांगें पूरी करना सरकार की जिम्मेदारी है। जब तक लिखित आदेश जारी नहीं होता, हड़ताल जारी रहेगी।" राजनीतिक बयानबाजी के बीच अब नजरें राज्य सरकार के फैसले पर टिकी हैं कि वह कब तक इस मसले का समाधान करती है।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने दिव्यांगजनों को वितरित किया सहायक उपकरण



**बलौदाबाजार** | कलेक्टर दीपक सोनी ने गुरुवार को समाज कल्याण विभाग द्वारा 7 दिव्यांगों को व्हीलचेयर एवं श्रवण यंत्र सहायक उपकरण वितरित किया। बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम कोलिहा निवासी निखिल वर्मा, पलारी के ग्राम रोहांसी निवासी झाडूराम यादव एवं हीना यादव को व्हीलयेयर प्रदान किया गया। इसी तरह बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम खम्हारडीह निवासी दुर्गा वैष्णव, डोंगरा के शुभम मानिकपुरी, मुण्डा के कृष्णा वर्मा एवं भाटापारा विकासखंड अंतर्गत ग्राम करहीबाजार के भानु प्रसाद यादव को श्रवण यंत्र प्रदाय किया गया। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण विभाग सिनीवाली गोयल एवं विभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

### गाली देने से मना करने पर टंगिया से वार

**महासमुंद**। गाली देने से मना करने पर एक व्यक्ति के ऊपर आरोपी ने टंगिया से वार कर दिया। मामला ग्राम जम्हर का है। रिपोर्ट पर बसना थाने में रिपोर्ट दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है। पुलिस को मनोज निवासी जम्हर ने पुलिस को बताया कि 10 सितंबर की दोपहर करीबन 1.30 बजे घर में था, तभी चिल्लाने व गाली गलौज करने की आवाज आई, जिसे सुन कर वह घर के बाहर आया और देखा कि उसका पड़ोसी लक्ष्मीचरण निषाद अपने घर के सामने में शराब के नशे में जोर-जोर से चिल्लाते हुए गाली गलौज कर रहा था, जिसे उसने मना किया, लेकिन आरोपी ने हाथ में पकड़े टंगिया से वार कर दिया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 118(1), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### कचरा फेंकने की बात पर महिला से मारपीट

**महासमुंद**। ग्राम झिटकी में कचरा फेंकने के बात पर कुछ लोगों ने एक महिला के साथ मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट कोमाखान थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस को झिटकी निवासी कुंतीबाई साहू ने बताया कि 10 सितंबर की सुबह करीबन 7 बजे वीरेंद्र कुमार साहू द्वारा कौन यहां पर कचरा फेंक दिया है कहकर गाली गलौच कर रहा था, जब प्रार्थिया गाली गलौज सुनकर घर से बाहर निकली तब आरोपी ने वीरेंद्र कुमार साहू ने तुम ही लोग कचरे को फेंके हो कहकर गाली गलौच करते हुए हाथ व डंडे से मारपीट किया। सी समय आरोपी की पत्नी शांति बाई साहू व उसके लड़के देवा साहू, शैलेष साहू भी डंडा लेकर आए और गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। जब उसकी लड़की युगेश्वरी साहू बीच बचाव करने आई तब आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट किया।

## पेज 11 का शेष

### निर्माणाधीन नाली ...

जनता की गाढ़ी कमाई का सदुपयोग सुनिश्चित हो सके। हमारी दृढ़ मान्यता है कि विकास कार्य पूर्ण पारदर्शिता और उत्कृष्ट गुणवत्ता के साथ हों। जनता के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं है। ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति रोकने हेतु जिम्मेदार एजेंसियों की जवाबदेही तय होना अनिवार्य है।जनहित की रक्षा और जवाबदेह व पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था की दिशा में की गई यह पहल निश्चित रूप से स्थानीय नागरिकों के विश्वास को और अधिक सुदृढ़ करेगी।

## कार्रवाई : आरोपियों में 1 अपचारी बालक भी है शामिल

# जान से मारने की धमकी एवं मारपीट के मामले में चार गिरफ्तार, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



बलौदाबाजार नगर में एक पुराने विवाद के कारण हुई जानलेवा मारपीट मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों पर प्रार्थी के भाई नियम वर्मा को जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट और चाकू से गंभीर चोट पहुंचाने का आरोप है।

रिपोर्ट के अनुसार, 10 सितंबर 2025 की रात लगभग 10:30 बजे आरोपी सुरेश, प्रहलाद, करण और एक अपचारी बालक ने नियम वर्मा को घर से बाहर बुलाकर पुरानी रंजिश के कारण गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्का से पीटा। इस दौरान आरोपी एक धारदार चाकू से भी वार कर गंभीर चोट पहुंचाई। घटना की शिकायत निखिल वर्मा ने थाना सिटी कोतवाली में दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने तत्काल अपराध क्रमांक 904/2025 के तहत मामले की जांच शुरू की।

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के मार्गदर्शन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए छापेमारी की और अपचारी बालक सहित चारों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में आरोपियों ने मारपीट और धमकी की बात स्वीकार की। सभी आरोपियों को 11 सितंबर 2025 को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

### नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म व फिरौती प्रकरण में तीन आरोपी गिरफ्तार



**गिधौरी ।** शिवरीनारायण थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म, अपहरण और फिरौती की वारदात का खुलासा करते हुए पुलिस ने 24 घंटे के भीतर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एक आरोपी अभी फरार है जिसकी तलाश जारी है। घटना 9 सितंबर को हुई, जब पीड़िता अपने परिचित के साथ मोटरसाइकिल से घूमने जा रही थी। राहौद के पास चार युवकों ने उन्हें रोककर जंगल की ओर ले जाकर मारपीट की, वीडियो रिकॉर्डिंग की और फिर दो लाख रुपये की फिरौती की मांग की। पीड़िता के अनुसार तीन आरोपियों ने बारी-बारी से उसके साथ जबरदस्ती की और धमकी देकर वीडियो छिपाने की कोशिश की। आरोपियों ने पीड़िता के साथ-साथ उसके दोस्तों को भी बंधक बनाया, मोबाइल और मोटरसाइकिल लूटकर पामगढ़ के पास छोड़कर फरार हो गए। पीड़िता ने घटना की जानकारी एक दिन बाद परिवार को दी, जिसके बाद परिजन थाना पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज कराई। गिरफ्तार आरोपियों में उत्तम प्रताप खूँटे (19), दुर्गेश कुमार सहिस (19) और खगेन्द्र गोड़ उर्फ सोम (18) शामिल हैं। एक आरोपी फरार है। आरोपियों के कब्जे से मोबाइल फोन, वीडियो रिकॉर्डिंग और मोटरसाइकिल जब्त की गई है। मामला भारतीय दंड संहिता, पॉक्सो एक्ट और आईटी एक्ट के तहत दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे पहले भी कपल्स को ब्लैकमेल कर पैसा वसूलते थे।थाना प्रभारी प्रवीण कुमार द्विवेदी और टीम ने त्वरित कार्रवाई कर मामले को जल्द से जल्द सुलझाने का आश्वासन दिया है।

# गिधौरी में विद्युत कटौती और आंख मिचौनी से उपभोक्ता परेशान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

बिजली की अघोषित कटौती से क्षेत्रवासियों काफी आक्रोशित हो गया है लगातार गिधौरी क्षेत्र में बिजली की आंख मिचौली से जहां लगातार कई घंटों तक बिजली आपूर्ति ठप्प रहते है। गिधौरी क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था पुरी तरह से चरमरा गई है। बार-बार विद्युत कटौती से क्षेत्रवासियों बेवजह परेशानी झेलनी पड रही है । अब विद्युत विभाग की घोर लापरवाही कहा जाए या ठेकेदार लापरवाही ।

लाचार व्यवस्था से जनता को परेशानियों का सामना करना पड रहा है दूसरी ओर स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिलो में बेतहाशा बढ़ोतरी हो रही है जिससे आम उपभोक्ताओं पर भारी आर्थिक बोझ पड गया है तीन से चार गुना की बिजली दरों में बढ़ोतरी हुई है । क्षेत्र में अडानी स्मार्ट मीटर बंद करने की मांग किया गया है। ऐसे में अब बिल अनाप शनाप दरो में बिजली बिल आ रहा है गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के सामने गंभीर संकट खडा हो गया है एक तरफ गरीब परिवार रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने में मुश्किल से जूझ रहा है वहीं विभाग द्वारा अनाप शनाप का बिल थमा रहा है । गिधौरी क्षेत्र में विद्युत कटौती का सिलसिला लगातार जारी है और व्यवस्था को लेकर ग्रामीणजनो में रोष व्याप्त है तथा विद्युत आपूर्ति पर सुधार कार्य नहीं किया जाता है तो किसी समय पर चक्का जाम करने की नौबत आ सकती है जिसका जिम्मेदार विद्युत विभाग का होगी।

# मंत्री टंकराम वर्मा से मिले धोबी समाज लवन राज के पदाधिकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन पुनर्वास उच्च शिक्षा विभाग मंत्री टंकराम वर्मा से धोबी समाज लवनराज के पदाधिकारियों ने रायपुर में सौजन्य मुलाकात किया गया। सौजन्य मुलाकात के दौरान लवन राज धोबी समाज के पदाधिकारियों ने मंत्री टंकराम वर्मा का फूलमाला पहनाकर आत्मीयता के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान लवन राज अध्यक्ष पन्नालाल रजक, प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं आईटी सेल प्रदेश अध्यक्ष कमलेश रजक, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष शीला देवी रजक, जनपद सभापति पलारी अश्वनी रजक, लवन राज कोषाध्यक्ष बालकुमार रजक, सचिव चोवाराम निर्मलकर, संगठन मंत्री हरिराम रजक, ऑडिटर पंचराम निर्मलकर, सलाहकार जेठूराम रजक, मंदिर संरक्षक घनाराम रजक, दतान राजप्रधान हार्दिक रजक, धनुष निर्मलकर, राजप्रधान शंकर लाल निर्मलकर, ठाकुर राम निर्मलकर, हंसराम रजक, राजप्रधान मेलाराम रजक, शिवकुमार निर्मलकर, विश्वनाथ रजक, धरमलाल निर्मलकर, मोहन निर्मलकर, झूला राम निर्मलकर सहित लवन राज धोबी समाज के पदाधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# सड़क मरम्मत की मांग को लेकर छात्राओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

■ जर्जर सड़क, हजारों ट्रकों की आवाजाही और दुर्घटना की आशंका से दहशत



सिमगा ब्लॉक के ग्राम पंचायत सकलोर के स्कूली छात्राओं ने आज सिमगा अनुविभागीय अधिकारी को लिखित ज्ञापन सौंप कर बताया कि ग्राम सकलोर से हिरमी तक पहुंच मार्ग की दूरी लगभग 3 किलोमीटर है, यह रोड अत्यंत ही जर्जर और गड्ढे युक्त है जिससे सीमेंट संयंत्र का भारी वाहन का लगातार आना जाना रहता है सड़क किनारे दोनों और भारी वाहन खड़ी रहती है, इस मार्ग के बीच में सीमेंट संयंत्र का ट्रांसपोर्ट भी है जिसमें प्रतिदिन हजारों ट्रकों का आना जाना होते रहता है, सकलोर एवं अन्य गांव के ग्रामीण एवं छात्र-छात्राएं हिरमी स्कूल में मौत से बचते हुए पढ़ने के लिए जाते हैं, जिनके साथ कभी भी कोई भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। साथ ही सड़क पर बेजुबान पशुओं की भारी वाहनों से ठोकर से मृत्यु भी आए दिन होते रहती है।

ज्ञापन में कहा गया है कि उक्त विषय पर जिलाधीश बलौदाबाजार के समक्ष उपस्थित होकर विगत 22 जुलाई को अवगत भी कराई गई जिस पर उन्होंने दूरभाष से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। लेकिन कार्रवाई शून्य है। छात्राओं ने कहा कि हम लोगों के द्वारा ग्राम सकलोर के आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों को लेकर मजबूरी में धरना प्रदर्शन कर चक्का जाम करना पड़ेगा।

वहीं छात्राओं ने मांग की है कि ग्राम परसवानी के छात्रों की तरह ग्राम सकलोर के छात्र-छात्राओं को बस की सुविधा अल्ट्राटेक प्रबंधन द्वारा दी जाए ग्राम सकलोर से ग्राम हिरमी तक रोड की दूरी 3 किलोमीटर है, सीसी रोड निर्माण अविलंब कराई जाए, हिरमी में बने ब्रिज के सीढ़ी को हटाकर पुराने आवागमन को पीडब्ल्यूडी के रास्ते बहाल की जाए। आज उक्त मांग कर छात्राओं द्वारा एसडीएम को लिखित ज्ञापन देकर कहा गया है कि अगर जल्द इस पर निर्णय नहीं लिया गया तो चक्काजाम किया जाएगा।

### प्रदेशाध्यक्ष बनने पर हुआ सनम का भव्य स्वागत




लवन । प्रदेश भर में विष्णु देव सरकार की विकास कार्य में रफ्तार पकड़ ली है अनेक योजनाओं से जन-जन तक लोगों को लाभ दिया जा रहा है उक्त बातें अनुसूचित जाति के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सनम जांगड़े ने व्यक्त किया । बैठक में प्रमुख रूप से अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सनम जांगड़े, जिला महामंत्री विजय यादव, जिला मंत्री एवं बैठक प्रभारी मेला राम साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहू, छाया विधायक कसडोल धनीराम धीवर, जिला सहकारिता प्रकोष्ठ संयोजक गिरधारी लाल वर्मा, जिला उपाध्यक्ष मीना बार्वे, लवन मंडल अध्यक्ष अनुपम बाजपेयी, लाहोद मंडल अध्यक्ष रामलाल कुर्रे, लवन मंडल महामंत्री नरेश साहू के साथ बड़ी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# उत्कृष्ट छात्रों को किया पुरस्कृत



**पलारी** । समीपस्थ ग्राम कुसमी के शासकीय पाठशाला में गत वर्ष वरीयता के आधार पर उत्तीर्ण हुए उत्कृष्ट छात्र छात्राओं को टीम पेड़ नहीं हम प्राण लगाबो परिवार द्वारा प्रथम स्थान से तृतीय स्थान प्राप्त कक्षा नवमी से बारहवीं तक को मोमेंटो प्रदान कर पुरस्कृत किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी साथ ही स्कूल परिसर में व्यापक रूप से फलदार फूलदार छायादार पौधे लगाए गए । उक्त अवसर पर प्रभारी प्राचार्य कुमार प्रसाद साहू लेखराम धुरंधर, खेमूलाल साहू भोला सिंह ठिकरिया, चौपाल दिनकर, सुचिता तिवारी, फिरमा केरकेडता , देवेन्द्र बंजारे, पुजा मानिकपुरी, मनीषा वर्मा, भूपेंद्र, महेश्वर, रानू वर्मा,सत्यभामा वर्मा, डामन वर्मा, इंद्रदेव बंजारे, रोशन वर्मा, रमाकांत, लोकेंद्र बंजारे, संजय बंजारे, इंद्रकुमार वर्मा उपस्थित रहे।

## शाल-श्रीफल से किया सम्मानित, शिक्षा जगत में योगदान को सराहा गया

# खरोरा में सेवानिवृत्त शिक्षकों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा





छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ तहसील एवं तिल्दा इकाई के तत्वाधान में शिक्षक सम्मान समारोह 2025 का आयोजन खरोरा में किया गया। सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन के जन्म दिवस को शिक्षक दिवस के रूप में प्रतिवर्ष मनाया जाता है। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ विकासखंड तिल्दा एवं तहसील इकाई तिल्दा द्वारा सेवानिवृत्ति शिक्षक एवं शिक्षकों का सम्मान किया गया ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अनुज शर्मा विधायक धरसीवां, नवीन अग्रवाल अध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर, टिकेश्वर मनहरे अध्यक्ष जनपद पंचायत तिल्दा, दुलारी सुरेंद्र वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत तिल्दा, सुनीता अनिल सोनी अध्यक्ष नगर पंचायत खरोरा, सुमीत सेन उपाध्यक्ष नगर पंचायत खरोरा, सौरभ वर्मा सदस्य जनपद पंचायत तिल्दा, सरोज मुकेश भारद्वाज सदस्य जनपद पंचायत तिल्दा, सीताराम यादव पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ, सुनील नायक संगठन मंत्री छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ, मनीष देवांगन अध्यक्ष छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ, मोहित वर्मा कोषाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ,आदि सम्मिलित हुए।

### इनका हुआ सम्मान

हेमंत नायक, रतिराम मिर्चे, राजेंद्र नायक, रामजी लाल ध्रुव, गोवर्धन प्रसाद ध्रुव, शिव प्रसाद वर्मा, शिरोमणि मसीह, रामकुमार धीवर, जितेंद्र कुमार वर्मा, फानेंद्र भूषण पटेल, खोरबाहरा राम सोनवानी, हीर मनी चंद्रवंशी, बलराम प्रसाद वर्मा, मनहरण लाल वर्मा, महेंद्र कुमार साहू, जितेंद्र कुमार कोसरिया, हीरालाल धुरंधर, रमेश कुमार वर्मा, टॉप लाल कश्यप, डोमार यादव, सुरेंद्र कुमार नायक, खोडस राम वर्मा, रमेश कुमार वर्मा, विष्णु प्रसाद वर्मा एवं पूर्व में हुए सेवानिवृत शिक्षकों का भी सम्मान शाल श्रीफल से किया गया । कार्यक्रम का संचालन धीरेंद्र वर्मा द्वारा किया गया

# साहू समाज की विभिन्न इकाईयों का किया गया पुर्नगठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के निर्देश पर सभी जिलों के तहसील, परीक्षेत्र, एवं ग्रामीण इकाइयों के पदाधिकारी का कार्यकाल समाप्त होने के कारण पुनर्गठन चुनाव संपन्न किया जाना है । जिसके तहत आज ग्राम पंचायत टेहका ग्रामीण साहू समाज की नई कार्यकर्ता इकाई गठन किया गया । जिसमें सर्व समिति से अध्यक्ष उमेंद्र साहू, उपाध्यक्ष नंद कुमार साहू, संगठन सचिव खुबीराम साहू, महिला उपाध्यक्ष देवकी साहू संगठन सचिव महिला पूर्णिमा साहू। एवं कोषाध्यक्ष शाखा राम साहू, उपकोषाध्यक्ष दिनबंधु साहू, एवं साथ-साथ ग्रामीण इकाई के पार प्रमुख शोभा राम साहू, भोला साहू, केवा राम साहू, एवं काफी संख्या में ग्रामीण सदस्य ,राकेश साहू, नंदू साहू,राजा साहू, महेश साहू, टिकेश्वर साहू,भुनेश्वर साहू, गंगू राम साहू,अर्जुन साहू, प्रभु राम साहू , उपस्थित थे ।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
12 सितम्बर 2025 SHOW TIME
बागी - 4
शो समय - 3:00,6:00,9:00 PM
मिराई सुपर योद्धा
शो समय - 12:00,3:00,6:00,9:00 PM
खारून पार (CG)
शो समय - 12:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# लंबित मामलों के त्वरित निराकरण व अवैध खनन पर कार्रवाई के निर्देश

## एसपी भावना गुप्ता ने किया गिधपुरी थाने का वार्षिक निरीक्षण



### अवैध खनन व अपराधियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी को अवैध रेत खनन, पत्थर खदानों के संचालन, गुंडा व निगरानीशुदा बदमाशों पर नियमित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही होटल व अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल गश्त बढ़ाने पर भी बल दिया। निरीक्षण के दौरान आरक्षक 347 रविशंकर ध्रुव और आरक्षक 394 ज्योतिष डहरिया को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्मानित किया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

■ उत्कृष्ट कार्य के लिए दो आरक्षकों को किया गया सम्मानित

भाटापारा विधानसभा के विधायक इन्द्र साव ने अपने स्वर्गीय माता-पिता की स्मृति में प्राथमिक शाला टीहूपारा, सिमगा के विद्यार्थियों को शूज वितरित किए। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजा से हुई। इस आयोजन में विधायक ने शिक्षा को जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बताते हुए बच्चों को प्रेरक संदेश दिए।

उन्होंने कहा कि वे शिक्षक परिवार से हैं—पिता हेड मास्टर और माता शिक्षा के प्रति संवेदनशील थीं। उन्हीं से प्रेरणा लेकर वे समाज सेवा में सक्रिय हैं। उन्होंने बच्चों से कहा कि शिक्षा को केवल नौकरी का साधन न मानें, बल्कि इसे आदर्श जीवन का मार्ग समझें।

कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने भी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शिक्षा भगवान का सबसे बड़ा उपहार है और इसका सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संस्कार, अनुशासन और परिश्रम जीवन को ऊंचाइयों तक ले जाते हैं।एसपी ने समस्त स्टाफ को जनमानस के साथ विनम्रता से पेश आने और भरोसेमंद पुलिसिंग सुनिश्चित करने का संदेश दिया।

## खबर संक्षेप

### कार्यालयों में शिकायत समिति का गठन अनिवार्य

**बलौदाबाजार** | महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़नअधिनियम 2013 की धारा 4(1) अनुसार समस्त कार्यस्थल जहां 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत है वहां लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम हेतु आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य है। इस समिति में एक पीठासीन अधिकारी एवं 2 सदस्य होंगे। कुल सदस्यों में आधी महिलाओं की संख्या होगी। आंतरिक शिकायत समिति गठित नहीं होने की स्थिति में 50 हजार रुपये तक़ अर्थदंड का अधिनियम में प्रावधान है।समिति गठन की सूची विभागीय सूचना पटल,विभागीय वेबसाईट एवं कार्यालय के महिला कर्मचारियों को उपलब्ध कराना होगा।

### श्रमिकों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं श्रम पंजीयन शिविर आज

**बलौदाबाजार** | श्रम विभाग द्वारा छत्तीसगढ रजत जयंती के अवसर पर 12 सितम्बर को भाटापारा रेल्वे स्टेशन (चॉवडी) मे स्वास्थ्य विभाग एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम के सहयोग से चॉवडी में उपस्थित श्रमिकों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर क़ा आयोजन किया जाएग। शिविर में श्रम विभाग अंतर्गत छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल एवं छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल में कार्यरत श्रमिकों का पंजीयन एवं नवीनीकरण भी किया जाएगा । शिविर में अधिक से अधिक श्रमिक उपस्थित होकर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं श्रम पंजीयन एवं नवीनीकरण का लाभ ले सकते है।

### आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार** | कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार के लिए 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया है। उन्होंने मृतक के वैध वारिसान के बैंक खाते में उक्त राशि जमा कराने के निर्देश सम्बंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी को दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार तहसील अंतर्गत ग्राम चांपा निवासी जागेश्वर कुमार सागरबंशी पिता रामविशाल सागरबंशी तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 6-4 के प्रावधान के अनुसार मृतक के निकटतम वैध वारिसान पिता रामविशाल सागरबंशी वल्द रामभरोसा सागरबंशी को 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है।

### आम आदमी पार्टी की जोन स्तरीय बैठक कल

**महासमुंद**। आम आदमी पार्टी की जोन स्तरीय बैठक 13 सितंबर को सुबह 11 बजे राजधानी के शंकर नगर स्थित सिंधु पैलेस में किया गया है। जिसमें प्रदेश प्रभारी व राज्यसभा सांसद संदीप पाठक एवं सह प्रभारी व विधायक मुकेश अहलावत, प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू सहित प्रदेश, लोकसभा, जिला एवं समस्त विंग के वरिष्ठ एवं पदाधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। उक्ताशय की जानकारी जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने दी।

## निधन

### कालिया बाई रजक



**भाटापारा**। गाँधी मंदिर वार्ड निवासी श्रीमति कालिया बाई रजक (91) का 11 सितम्बर को निधन हो गया । उनका अंतिम संस्कार हिन्दू मुक्तिधाम मे किया गया, जहां बडी संख्या मे गणमान्य जन शामिल हुए। वो किशोर कुमार, अशोक , मनोज , संतोष, महेश कुमार रजक की माताजी थीं।

## अनदेखी : अर्जुनी समिति में दो सप्ताह से खाली पड़ा है खाद गोदाम

# सहकारी समिति में यूरिया खाद नहीं, किसानों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

खुले बाजार में हो रही कालाबाजारी, किसान दोगुने दाम पर खरीदने को मजबूर

स्थानीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति अर्जुनी (पंजीयन क्रमांक 377) में बीते कई दिनों से यूरिया खाद उपलब्ध नहीं होने से किसानों की परेशानी चरम पर पहुंच गई है। पहले ही कम बारिश से परेशान किसान अब सिंचाई के बाद खाद के लिए भटक रहे हैं।

समिति के खाद गोदाम में यूरिया खाद की लगातार अनुपलब्धता ने किसानों की समस्याओं को और बढ़ा दिया है। जानकारी के अनुसार समिति द्वारा 6 दिन पहले 300 बोरी यूरिया की मांग की गई है, जिसकी पेमेंट विपणन संघ को भेज दी गई है, परंतु अब तक खाद की आपूर्ति नहीं हुई है। किसान रामनारायण वर्मा, टीकाराम वर्मा, संतोष सेन, गुलाब वर्मा सहित अनेक ग्रामीणों ने बताया कि वे पिछले 15 दिनों से सहकारी समिति के चक्कर काट रहे हैं, पर केवल आश्वासन ही मिल रहा है।



### डिमांड भेज दी गई है

समिति प्रबंधक मुक्तानंद वर्मा ने बताया कि यूरिया के लिए डिमांड पहले ही भेजी जा चुकी है और पेमेंट भी कर दिया गया है। जैसे ही विपणन संघ से सप्लाई आएगी, किसानों को वितरण प्रारंभ कर दिया जाएगा।

### खुले बाजार में 266.50 की खाद 400 में बिक रही

किसानों ने बताया कि सहकारी समिति में यूरिया की कीमत 266.50 है, जबकि कुछ निजी दुकानदार इसे 350 से 400 प्रति बोरी तक बेच रहे हैं। कृषि विभाग की ओर से इन दुकानों पर कोई जांच नहीं की जा रही, जिससे कालाबाजारी को बढ़ावा मिल रहा है।

# मनरेगा के तहत युक्त धारा पोर्टल का हुआ प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश एवं सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल के मार्गदर्शन में महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत सभी विकासखंड में तकनीकी सहायक, बीएफटी और रोजगार सहायकों को युक्तधारा पोर्टल पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायतों के लिए निर्माण कार्यो की संतृप्तता के आधार पर कार्य योजना बनाई जानी है जिसके लिए प्रथम चरण में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए उपर्युक्त कार्यों का चयन किया जाना है।

युक्तधारा पोर्टल एक भू-स्थानिक योजना पोर्टल है जिसे ग्रामीण विकास मंत्रालय और इसरो द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य विभिन्न ग्रामीण योजनाओ जैसे मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए भू-स्थानिक डेटा का उपयोग करके सटीक और प्रभावी योजना बनाना है।

युक्तधारा पोर्टल महात्मा गांधी नरेगा के लिए जीआईएस आधारित ग्राम पंचायत स्तरीय योजनाओ की सुविधा के लिए डिजाईन किया गया है। मनरेगा अंतर्गत आने वाले अनुमेय कार्यो को दो श्रेणियों में विभाजित किया गया है। भू-स्थानिक रूप से विश्लेषण किये गये कार्य जीएडब्ल्यू और गैर जीएडब्ल्यू, युक्तधारा पोर्टल भू-स्थानिक और रिमोट सेंसिंग के आधार पर संभावित कार्यो के लिए स्व-चालित सुझाव प्रदान करता है।

# विधायक ने बच्चों को वितरित किए जूते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

■ शिक्षा को बताया जीवन की सबसे बड़ी पूंजी, सर्वांगीण विकास पर दिया बल

भाटापारा विधानसभा के विधायक इन्द्र साव ने अपने स्वर्गीय माता-पिता की स्मृति में प्राथमिक शाला टीहूपारा, सिमगा के विद्यार्थियों को शूज वितरित किए। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजा से हुई। इस आयोजन में विधायक ने शिक्षा को जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बताते हुए बच्चों को प्रेरक संदेश दिए।

उन्होंने कहा कि वे शिक्षक परिवार से हैं—पिता हेड मास्टर और माता शिक्षा के प्रति संवेदनशील थीं। उन्हीं से प्रेरणा लेकर वे समाज सेवा में सक्रिय हैं। उन्होंने बच्चों से कहा कि शिक्षा को केवल नौकरी का साधन न मानें, बल्कि इसे आदर्श जीवन का मार्ग समझें। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने भी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि



शिक्षा भगवान का सबसे बड़ा उपहार है और इसका सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संस्कार, अनुशासन और परिश्रम जीवन को ऊंचाइयों तक ले जाते हैं।

**समाज के प्रतिनिधियों की रही गरिमामयी उपस्थिति:** इस अवसर पर पार्षद परदेशी सोनकर, याकूब कुरैशी, गोलू पाटकर, दशरथ चंद्राकर, सुनीता यादव, अय्यूब खान, सत्यजीत शेंडे, बीईओ ठाकुर व विद्यालय के शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम की सराहना की।

### विद्यालय की मांगों पर दिया आश्वासन

शाला परिवार द्वारा बाउंड्री वॉल ऊँची करने व नए ट्यूबवेल की मांग विधायक इन्द्र साव के समक्ष रखी गई। इस पर उन्होंने आश्वासन दिया कि विद्यालय की समस्याओं का समाधान शीघ्र कराया जाएगा।

# मंत्री गजेंद्र यादव का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अमेरा

नए दायित्व प्राप्त होने पर झेरिया यादव समाज द्वारा रिसाली दशहरा मैदान में आयोजित अभिनंदन समारोह में पहुंचे छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव भाव विभोर हो गए। झेरिया यादव समाज की इतनी बड़ी संख्या में उपस्थिति और सम्मान देखकर उन्होंने कहा कि इस भव्य आयोजन में समाज के प्रत्येक सदस्य द्वारा मिले स्नेह और सम्मान का मैं हृदय से आभारी हूँ। मैं वचन देता हूँ कि जिस यादव समाज की गरिमा पर इस दायित्व पर आया हूँ वहां अपने यादवों का सम्मान झुकने नहीं दूँगा। कार्यक्रम में सुरेंद्र यादव जिला अध्यक्ष बलौदाबाजार भाटापारा, फत्तू लाल यदु, शिव कुमार यादव, नारंतक यादव, संतोष, कुलदीप, बिसाहू राम, रामलाल, भरत यादव, सुकालू राम यदु, सुरेश यादव, नन्द कुमार यादव, मुन्ना यादव, पुरुषोत्तम यादव, रवि यादव, घासु राम यादव, और भी बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु कार्यक्रम में सफल हुए गोरपा दिनेश यादव मुख्य रूप से शामिल थे।



# लाईवलीहुड कॉलेज में प्लेसमेंट कैम्प आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने हेतु जिला रोजगार कार्यालय बलौदाबाजार द्वारा लाईवलीहुड कॉलेज सकरी में 12 सितम्बर 2025 को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। प्लेसमेन्ट कैम्प सुबह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक आयोजित होगा।

जिला रोजगार से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्लेसमेन्ट कैम्प में नियोजक मिसो कोरियर ऑफिस बलौदाबाजार द्वारा डिलवरी बॉय के 6 पद, शैक्षणिक योग्यता दसवीं एवं बारहवीं उत्तीर्ण, उम्र 18 से 40 वर्ष, वेतन 12 हजार से 15 हजार रुपये देय होगा, कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार होगा। शांता टेक्नो प्राइवेट लिमिटेड रायपुर द्वारा मैकेनिकल इंजीनियर के 10 पद, फिटर 10, वेल्डर 10, इलेक्ट्रीशियन 5, हेल्पर 10, मार्केटिंग 5, क्रेन एवं हाइड्रो ड्राइवर के 15 एवं मशीन ऑपरेटर के 10 पद, शैक्षणिक योग्यता दसवीं, बारहवीं, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा, बी.टेक, एमबीए उत्तीर्ण, उम्र 18 से 45 वर्ष, वेतन 10 हजार से 30 हजार रुपये देय होगा, कार्यक्षेत्र उरला रायपुर होगा। टैन्गो सिक्योरिटी सर्विसेस रायपुर द्वारा सिक्योरिटी सुपरवाइजर के 5 पद, सिक्योरिटी गार्ड 30 पद, शैक्षणिक योग्यता दसवी एवं बारहवी उत्तीर्ण, उम्र 18 से 45 वर्ष, वेतन 14 हजार से 18 हजार रूपये एवं कार्यक्षेत्र रायपुर, रायगढ़ होगा। इच्छुक आवेदक अनिवार्य रूप से समस्त प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, दो

# भाटापारा में शोक संतप्त परिवारों से मिले गिरीश देवांगन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने बताया की अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं छ ग खनिज विकाश निगम के पूर्व अध्यक्ष गिरीश देवांगन भाटापारा पहुँच कर ग्राम टिकुलिया में वरिष्ठ कांग्रेसी कल्याण ध्रुव के मित्र कांग्रेस के पूर्व युवक कांग्रेस अध्यक्ष स्व.घनाराम ध्रुव,नयापारा में पूर्व महामंत्री सनत ठाकुर के भतीजे कांग्रेस के पूर्व पार्षद स्व. मनोज ठाकुर,गांधी मंदिर वार्ड में पार्षद मनीष मिश्रा के भाई स्व.अतुल मिश्रा,परशुराम वार्ड में किसान कांग्रेस के सचिव स्व.चंदू साहू,पटपर वार्ड में पूर्व पार्षद रेवाचंद परपयानी के बड़े भाई स्व.नारायण परपयानी के घर पहुँच



कर अपनी भाव भीनी श्रद्धांजलि व्यक्त कर श्रद्धा सुमन अर्पित की।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जीव जंतु विभाग विधाभूषण शुक्ला,पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक चंद्राकर,पूर्व छ ग श्रम मंडल के अध्यक्ष सन्नी सुशील अग्रवाल,पूर्व उपाध्यक्ष रायपुर विकास प्राधिकरण शिव सिंह ठाकुर,पूर्व अध्यक्ष हज कमेटी मोहम्मद असलम भाई,पूर्व महामंत्री राजेंद्र चंद्राकर,श्रम मंडल सदस्य आलोक मिश्रा,पूर्व सदस्य सिंधी अकादमी रोशन हबलानी,पूर्व अध्यक्ष केश कला बोर्ड बसंत चक्रधारी,ब्लॉक अध्यक्ष अरुण यादव,पूर्व जिला पंचायत सदस्य रमेश धृतलहरे,जिला सयुक्त महामंत्री संतोष सोनी,जिला सचिव सचिन शर्मा,हिम्मत शर्मा,पुनीत मानिकपुरी,ओम प्रकाश यदु,हलधर शर्मा,गोविंद साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा सुहेला मंडल की बैठक में सेवा पखवाड़ा आयोजन की तैयारियों पर चर्चा

# मोदी के जन्मदिन से शुरू होगा भाजपा सेवा पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

भारतीय जनता पार्टी सुहेला मंडल की बैठक समरसता भवन हिरमी में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाने की तैयारी के साथ संपन्न हुई । बैठक के मुख्य वक्ता वरिष्ठ भाजपा नेता विपिन बिहारी वर्मा ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि 17 सितंबर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन से लेकर 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता कार्यक्रम रक्तदान शिविर स्वास्थ्य शिविर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा ।

25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती प्रत्येक बूथ में मनाया जाएगा । भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत बघमार ने कहा की पार्टी के प्रत्येक कार्यक्रम जनता के बीच जाकर संपादित करे जिससे हर कार्यक्रम में जनता जुड़ सके जनपद अध्यक्ष डॉक्टर दौलत पाल ने सांसद खेल प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की जिला पंचायत सदस्य डॉक्टर मोहन वर्मा भाजपा के इतिहास पर प्रकाश डाला भाजपा के नव नियुक्त जिला मंत्री शिव कटरिया का सम्मान किया गया बैठक को पूर्व जिला पंचायत सदस्य अदिति बघमार ने भी संबोधित किया भाजपा के रीति नीति से प्रभावित होकर हिरमी सरपंच पुनऊ राम भारती, सकलोर सरपंच प्रतिनिधि वेदप्रकाश वर्मा, छेद पाल, शशिकांत साहू, प्यारे लाल साहू, राजेश सिन्हा, उमेश, गरीबीन ध्रुव, शत्रुहन ध्रुव, गरीबिन ध्रुव, मुकेश वर्मा, नरेंद्र साहू, भाजपा प्रवेश किया जिसे उपस्थित पदाधिकारियों से पार्टी का गमछा पहनाकर सदस्यता दिलाई और स्वागत किया बैठक का संचालन महामंत्री युगल किशोर वर्मा एवं आभार जनपद सदस्य सविता हेमंत यादव ने किया।



**ये रहे उपस्थित :** बैठक में मानेश्वरी साहू, कीर्ति वर्मा, तारिणी राजपूत, वंदना बंजारे, दामिनी वर्मा, रामकुमार साहू, दिनेश चवरे, करन वर्मा, होरीलाल वर्मा, धनीराम साहू, खोमलाल साहू, तामेश्वर जयसवाल, महावीर रजक, सुनील वर्मा, सत्या जोगी, हरिशंकर वर्मा, सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

